
आज़ादी का
अमृत महोत्सव



# साप्ताहिक
# सूचना पत्र

Efnukal 07-03-2023 l s 12-03-2023Δ



भारतीय जनता पार्टी
हरियाणा

# टीबी मुक्त हरियाणा को लेकर अहम बैठक

(दिनांक 07.03.2023)

**प्रभावः** माननीय मुख्यमंत्री जी ने टीबी मुक्त हरियाणा अभियान को लेकर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों तथा निजी चिकित्सक संस्थानों के साथ एक अहम बैठक कर कहा कि माननीय प्रधानमंत्री द्वारा वर्ष 2025 तक भारत को टीबी मुक्त करने के अभियान के तहत राज्य सरकार ने देशभर में सबसे पहले हरियाणा को पूरी तरह से टीबी मुक्त करने का लक्ष्य निर्धारित किया है।

इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए स्टेट टास्क फोर्स का गठन किया जाएगा, जिसके तहत सरकारी और निजी क्षेत्र के चिकित्सक संस्थान व डॉक्टर सभी मिलकर हरियाणा को टीबी मुक्त करने के लिए कार्य करेंगे।

अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी प्राइवेट क्लिनिक्स और नर्सिंग होम, जहां पर भी टीबी के मरीज इलाज के लिए जाते हैं, उन संस्थानों के साथ समन्वय स्थापित कर उनका डाटा एकीकृत करें, ताकि प्रदेश में टीबी के



मरीजों की वास्तविक स्थिति का पता लग सके। उन्होंने निर्देश दिए कि टीबी मरीजों का पता लगाने के लिए प्रत्येक जिले में मोबाइल यूनिट की व्यवस्था की जाए, जो घर–घर जाकर टीबी डायग्नोसिस टेस्ट करेगी।

हरियाणा को टीबी मुक्त करने के लिए विभिन्न पहलों पर फोकस किया जा रहा है। इसके तहत टीबी मरीजों का पता लगाना, उनका इलाज सुनिश्चित करना और ऐसे मरीजों को 6 माह तक इलाज की अवधि के दौरान पौष्टिक आहार प्रदान करने जैसे प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने प्रदेश में इग्रा लैब की संख्या बढ़ाने के भी निर्देश दिए। इग्रा (आईजीआरए) लैब की संख्या बढ़ने से टीबी जांच में और तेजी आएगी। माननीय मुख्यमंत्री जी ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि राज्य सरकार ने निरोगी हरियाणा योजना चलाई है, जिसके तहत पहले चरण में 1.80 लाख रुपये तक वार्षिक आय वाले परिवारों का हेल्थ चेकअप किया जा रहा है। अभी तक 2 लाख लोगों का चेकअप किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत किए जाने वाले 25 प्रकार के टेस्ट की व्यवस्था सभी लैब में करें। इसके अलावा, टीबी डायग्नोसिस के लिए भी जो वैन चलाई जा रही हैं, उन वैन में भी इन सभी 25 टेस्ट की व्यवस्था करें, ताकि नागरिकों को पूरी तरह से हेल्थ चेकअप संभव हो ।

केंद्र सरकार द्वारा वर्ष 2022 के टीबी मुक्त स्कोर में हरियाणा का स्कोर 85 है, जबकि राष्ट्रीय स्कोर 82 है। बैठक में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि आशा वर्कर घर–घर जाकर नागरिकों की स्क्रीनिंग कर रहे हैं, यदि उन्हें टीबी के लक्षणों लगते हैं, तो नागरिकों को क्लिनिक में ले जाकर उनकी जांच की जा रही है। बैठक में ये भी बताया गया कि टीबी उन्मूलन के लिए स्वास्थ्य विभाग मेदांता अस्पताल के साथ मिलकर कार्य कर रहा है। मेदांता की ओर से डिजिटल एक्स–रे और सीबी नेट मशीन से युक्त 6 मोबाइल वैन जिलों में जाकर नागरिकों की जांच कर रही है।

# प्रदेशवासियों को होली की शुभकामनाएं

(दिनांक 07.03.2023)

**प्रभाव:** माननीय मुख्यमंत्री जी ने प्रदेशवासियों को होली के त्यौहार की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि समाज में होली के त्यौहार का बड़ा महत्त्व है। हरियाणा एक–हरियाणवी एक के मूलमंत्र के साथ इस त्यौहार को आपसी प्यार, प्रेम और भाईचारे से मनाना चाहिए। इस त्यौहार पर पानी की बर्बादी न करें। क्योंकि जल सीमित मात्रा में उपलब्ध है।





उन्होंने कहा कि होली अगर गुलाल का तिलक लगाकर मनाई जाए तो न केवल पानी की बचत होगी बल्कि रासायनिक रंगों के त्वचा पर होने वाले दुष्प्रभाव से भी बचा जा सकता है। इस दौरान किसी भी प्रकार की कॉस्मेटिक चीजों के इस्तेमाल से बचे। उन्होंने कहा कि होली रंगो का त्यौहार है अपने जीवन में खुशियों के रंग भरे और जीवन में खुशहाल बनाएं।

आइए हम सभी अपने भीतर की

बुराइयों का भी दहन करें और अपना बेहतरीन व्यक्तित्व विकसित करें।

माननीय मुख्यमंत्री जी ने बुधवार को सरस्वती वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जगाधरी के प्रांगण में आयोजित होली मिलन कार्यक्रम में बोल रहे थे कि होली का पर्व बुराई पर अच्छाई, अन्याय पर न्याय व झूठ पर सच्चाई की जीत का प्रतीक है।

समाज में भ्रष्टाचार रूपी बुराई भयानक तरीके से फैली हुई है इस बुराई को खत्म करने व सिस्टम को ठीक करने के लिए हम लगातार लगे हुए है। इससे पहले माननीय मुख्यमंत्री जी ने स्कूल प्रांगण में पौधारोपण किया तथा स्कूल कार्यालय के भवन का उद्घाटन भी किया।

इस पर्व पर उन्होंने कार्यकर्ताओं और नेताओं के साथ फूलों की होली खेल कर भाईचारे का संदेश दिया। उन्होंने जिला वासियों को होली के पवित्र त्योहार की शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि होली उमंगो व रंगों का त्योहार है जो आपस में सौहार्द और प्रेम की भावना को बढ़ाता है।

उन्होंने कहा कि होली का त्योहार हम सभी मतभेद भुला कर मनाना चाहिए।



# श्री थड़ा साहिब गुरुद्वारा जोडिया होला–मोहल्ला समागम में शिरकत

(दिनांक 08.03.2023)

**प्रभाव:** माननीय मुख्यमंत्री जी आज बुधवार को गुरुद्वारा श्री थड़ा साहिब जोडिया में आयोजित होला–मोहल्ला समागम में शिरकत कर कहा कि हरियाणा में ऐतिहासिक गुरुद्वारों को हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा संचालित किया जाएगा, इसके लिए जो भी सरकार से कमेटी को जरूरत होगी तो उनकी सभी जरूरतों को पूरा किया जाएगा। इसके लिए



# साप्ताहिक सूचना पत्र



हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी सरकार के जिम्मे जो भी कार्य लगाएगी, उसको पूरा किया जाएगा। सबसे पहले उन्होने गुरुद्वारे मे माथा टेका और आर्शिवाद लिया। इस मौके पर माननीय मुख्यमंत्री जी को सिरोपा भेंट कर सम्मानित भी किया गया।

उन्होंने कहा कि हम सभी मिलजुल कर काम करेंगे तो बहुत बरकत होगी। उन्होंने हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी को आश्वासन दिलाया कि वह हर समय उनके साथ है।

इस मौके पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की बधाई देते हुए कहा कि हरियाणा सरकार महिलाओं के उत्थान के लिए अनेक योजनाएं चला रही है, महिलाएं इन योजनाओं का लाभ उठायें।

माननीय मुख्यमंत्री जी ने होला–मोहल्ला समागम के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इस त्योहार की शुरुआत दशम गुरु श्री गोबिंद सिंह जी ने की। होला–मोहल्ला का त्योहार बहादुरी, ताकत का त्योहार है। श्री गुरु गोबिंद सिंह जी ने इसकी शुरुआत सिखों में वीरता का रंग भरने के लिए की थी। हमें अपने गुरुओं के बलिदान को कभी नहीं भुलाना चाहिए। हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष बाबा कर्मजीत सिंह ने सभी अतिथियों का स्वागत किया।

उन्होंने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री जी गुरु के सच्चे सेवक है। इस अवसर पर उन्होंने आश्वसन दिलाया कि हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी समाज के कल्याण में भी बढ़चढ़कर भाग लेगी और सरकार का सहयोग करेगी।

# अनुसूचित जाति समाज के प्रतिनिधियों से मुलाकात

(दिनांक 09.03.2023)



**प्रभाव:** माननीय मुख्यमंत्री जी यहां प्रदेशभर से आए अनुसूचित जाति समाज के प्रतिनिधियों से मुलाकात कर कहा कि हर समाज में संत महापुरूष हुए हैं, उनकी शिक्षाओं को जन– जन तक पहुंचाने के लिए संत महापुरूष सम्मान एवं विचार प्रसार योजना को लागू किया है इसके लिए 10 करोड़ रुपए से अधिक के बजट का भी प्रावधान किया गया है। माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि समाज के लोगों को आर्थिक रूप से सम्पन्न करने के लिए आयपरक साधन अपनाने चाहिए। विशेषकर युवाओं को शिक्षा, कौशल और रोजगार के क्षेत्र में आगे बढना चाहिए। उन्होंने कहा कि उद्योग

लगाने के लिए अनुसूचित जाति के युवाओं को भूमि खरीद पर 20 प्रतिशत रियायत प्रदान की जा रही है। उन्होंने कहा कि परिवार पहचान पत्र के माध्यम से जिन परिवारों की आय 1.80 लाख रुपए से कम है। ऐसे युवाओं के लिए मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना चलाई गई है। इस योजना के तहत अब तक 36 हजार युवाओं को आर्थिक सहायता उपलब्ध करवाई गई है। लगभग 2 लाख ओर परिवारों की सहायता करने के लिए 2000 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि पीपीपी के माध्यम से हर परिवार तक पहुंचाने का कार्य किया है। इससे उस परिवार की आय, रोजगार, मकान, शिक्षा, स्वास्थ्य की पूरी जानकारी एकत्र की जा रही है। उन्होंने कहा कि 60 साल की आयु होते ही पेंशन, जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र अब ऑनलाइन माध्यम से तुरंत प्रदान किए जा रहे है। इसके अलावा आयुष्मान भारत योजना के तहत एक करोड़ 21 लाख लोगों को 5 लाख रुपए तक स्वास्थ्य लाभ दिया जा रहा है।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## प्रशासनिक सचिवों के साथ बैठक

(दिनांक 09.03.2023)

**प्रभावः** माननीय मुख्यमंत्री जी वित्त वर्ष 2023–24 के बजट में की गई घोषणाओं के क्रियान्वयन के लिए रूपरेखा तय करने हेतू प्रशासनिक सचिवों के साथ अहम बैठक कर अधिकारियों को निर्देश दिए कि 1 अप्रैल, 2023 से ही नई योजनाओं को अमलीजामा पहनाने के लिए अभी से तैयारियां शुरू कर दें। बजट एक साल के लिए बनता है, इसलिए सभी विभाग अपनी–अपनी योजनाओं का बारीकि से अध्ययन कर लें और योजनाओं को समयबद्ध तरीके से क्रियान्वित करें, ताकि आमजन को त्वरित लाभ मिल सके।



उन्होंने कहा कि अपशिष्ट जल को शुद्ध करने उसे पुनः उपयोग में लाना महत्वपूर्ण परियोजना है, इसलिए ट्रीटेड वेस्ट वॉटर का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित करें। पॉवर प्लांट में भी ट्रीटेड वेस्ट वॉटर का उपयोग सुनिश्चित करने के लिए प्लान बनायें। इसके अलावा, उद्योगों तथा कृषि क्षेत्र में भी इसके उपयोग के लिए योजनाएं बनायें। जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों ने बताया कि वित्त वर्ष 2023–24 में 100 किलोमीटर सीवर पाईपलाईन बिछाने का लक्ष्य रखा गया है, जिसे इसी वर्ष में पूरा कर लिया जाएगा।

बिजली विभाग के अधिकारियों ने बताया कि पीएम–कुसुम योजना के तहत किसानों को सोर ऊर्जा पम्प लगाने के लिए प्रोत्साहित करने और उन्हें वित्तीय सहायता प्रदान करने के मामले में हरियाणा देशभर में अग्रणी राज्य है। बैठक में बताया गया कि म्हारा गांव जगमग गांव योजना के तहत 5694 गांवों को 24 घंटे बिजली दी जा रही है। शेष गांवों को भी जल्द इस योजना के तहत लाया जाएगा। 800 मेगावॉट पॉवर प्लांट, यमुनानगर की प्रारंभिक प्रक्रियाओं को पूरा कर लिया गया है। इस वर्ष में कार्य आरंभ हो जाएगा। माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि आमजन को सुरक्षित, आरामदेय व किफायती परिवहन सेवाएं मुहैया करवाने के उद्देश्य से हरियाणा रोडवेज के बेड़े में बसों की संख्या को बढ़ाकर 5300 किया गया है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि हरियाणा रोडवेज की बसों में वरिष्ठ नागरिकों को किराये में 50 प्रतिशत छूट के लिए आयु को 65 वर्ष से घटाकर 60 वर्ष करने का निर्णय लिया है, इसे 1 अप्रैल से लागू करना सुनिश्चित करें। अधिकारियों ने बताया कि ई–टिकटिंग प्रणाली सभी जिलों में लागू की जा चुकी है। इसके अलावा, 6 बस पोर्ट स्थापित करने का कार्य तेजी से चल रहा है।

माननीय मुख्यमंत्री जी ने लोक निर्माण (भवन एवं सड़कें) विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि पुरानी सड़कों की मरम्मत, चौड़ा करने व सुदृढ़ीकरण को सबसे पहले प्राथमिकता दें, ताकि आमजन को आवागमन में किसी प्रकार

की कोई कठिनाई न आए। अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि प्रदेश के युवाओं को विदेशों में रोजगार के अवसर मुहैया करवाने के उद्देश्य से राज्य सरकार ने हरियाणा ओवरसीज प्लेसमेंट सेल बनाया हुआ है। इसके तहत अब विदेश सहकारिता विभाग विदेशों में कंपनियों व अन्य एजेंसियों द्वारा मैनपावर की मांग के अनुरूप प्रदेश के युवाओं के कौशल विकास करवाकर उन्हें विदेश भेजने के लिए पहल करे। इसके अलावा, श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के माध्यम से विदेशी भाषाओं के कोर्स भी करवाएं जाने की रूपरेखा तैयार करें।

माननीय मुख्यमंत्री जी ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन खालों को बने 20 साल से ज्यादा हो गए हैं, उनका डाटा एकत्र कर, उनके रखरखा व मरम्मत के लिए एक व्यापक कार्य योजना तैयार की जाए। इसके लिए विशेष टास्क फोर्स बनाई जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि बरसात के मौसम से पहले भू–जल रिचार्जिंग के लिए रिचार्जिंग बोरवेल बनाना सुनिश्चित किया जाए। सरकार ने इस वर्ष के लिए लभगभग 2 हजार रिचार्जिंग बोरवेल बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है।



# राज्य के निजी विश्वविद्यालयों के कुलपति व कुलसचिवों के साथ बैठक

(दिनांक 10.03.2023)

**प्रभाव:** माननीय मुख्यमंत्री जी ने राजभवन में माननीय राज्यपाल श्री बंडारू दत्तात्रेय जी की अध्यक्षता में आयोजित राज्य के निजी विश्वविद्यालयों के कुलपति व कुलसचिवों के साथ आयोजित बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि देश के वातावरण के अनुसार दी जाने वाली शिक्षा ही वास्तविक शिक्षा है। इस शिक्षा के द्वारा ही व्यक्ति आत्मनिर्भर बनेगा और देश भी आत्मनिर्भर बनेगा।

माननीय मुख्यमंत्री जी ने उच्च शिक्षा विभाग के कार्यों की समीक्षा के लिए आयोजित दो दिवसीय बैठक बुलाने पर राज्यपाल का आभार जताया। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति को लागू करने में निजी विश्वविद्यालयों की महत्वपूर्ण भूमिका है। नई शिक्षा नीति में जीवन मूल्यों से जुड़ी शिक्षा को शामिल किया गया है ताकि व्यक्ति का सामूहिक विकास सुनिश्चित हो और वह आत्मनिर्भर बने। उन्होंने स्वामी



विवेकानंद का उदाहरण देते हुए कहा कि शिक्षा केवल ज्ञान का ढेर नहीं है बल्कि जीवन मूल्यों को आत्मसात करने का माध्यम है और इसके बिना शिक्षा अधूरी है। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में जीवन मूल्यों को प्राथमिकता दी गई है ताकि हम उसे आत्मसात कर अपने उद्देश्यों को प्राप्त कर सकें। उन्होंने कहा कि शिक्षा के नाते सरकारी व निजी विश्वविद्यालयों का उद्देश्य एक ही है। उन्हें न केवल एक–दूसरे की बल्कि दुनियाभर के विश्वविद्यालयों की सर्वश्रेष्ठ प्रणालियों को अंगीकार करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि चाहे सरकारी हो या निजी विश्वविद्यालयों हों, सभी को संसाधनों के क्षेत्र में आत्मनिर्भर होना चाहिए और इसके लिए एलुमनी बहुत बड़ा योगदान दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि सभी विश्वविद्यालय इसके लिए वर्ष में एक दिन एलुमनी–डे का आयोजन कर दुनियाभर गए हुए अपने ऐलुमनिज को आमंत्रित कर सकते हैं। आत्मनिर्भरता के लिए एलुमनी फंड्स




के अलावा सीएसआर फंड से भी सहायता ली जा सकती है।

माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि बेरोजगारी को खत्म करने के लिए युवाओं को हुन्नरमंद बनाना जरूरी है। तकनीकी शिक्षा का जितना फैलाव होगा युवा उतना ही आत्मनिर्भर बनेगा और उसे सहज ही रोजगार भी मिल जाएगा। नई शिक्षा नीति में कौशल विकास को प्रमुखता दी गई है। हमारी शिक्षा ऐसी हो जिसके केंद्र में रोजगार हो लेकिन वह संस्कारवान भी बनाए।

# साप्ताहिक सूचना पत्र

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

(दिनांक 10.03.2023)




**प्रभाव:** माननीय मुख्यमंत्री जी ने आज अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में करनाल में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में महिलाओं को संबोधित किया। समारोह में अलग–अलग क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली कई महिलाओं को 154 पुरस्कार व नगद इनाम दिए गए। इसके अलावा, माननीय मुख्यमंत्री जी ने सफलता का सफरनामा नामक पुस्तक का भी विमोचन किया। उन्होंने नागरिकों से आह्वान किया कि हम सभी मिलकर यह संकल्प लें कि देश व प्रदेश में महिलाओं के विरूद्ध होने वाले अपराधों को रोकेंगे, नारी का सम्मान बढ़ाएंगे। उन्होंने कहा कि हमारे देश में महिलाओं को पूजनीय माना जाता है। मातृ देवो भव जहां नारी की पूजा होती है, वहां देवता वास करते हैं। इसलिए नारी की रक्षा व सुरक्षा सुनिश्चित करना हम सभी का दायित्व है। उन्होंने कहा कि ऐसा कहा जाता है कि हर सफल पुरूष के पीछे एक महिला का हाथ होता है। उन्होंने अपने जीवन का एक प्रसंग सुनाते हुए कहा कि जब उन्होंने 10वीं पास कर आगे की पढ़ाई करने की ईच्छा व्यक्त की तो उनके पिताजी ने इनकार दिया। तो उन्होंने अपनी माँ से कहा कि वे आगे पढ़ना चाहते हैं और उस दौर में माँ ने उन्हें 300 रुपये दिए, जिससे उन्होंने कॉलेज में दाखिला लिया। माननीय मुख्यमंत्री



जी ने कहा कि उनकी सफलता के पीछे उनकी माँ का ही हाथ है, यदि माँ ने वो पैसे न दिए होते तो शायद आज इस प्रकार यहां इस भूमिका में शायद न खड़ा होता।

माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार उत्पाद अब डिजिटल माध्यम से पूरे देश दुनिया में बिकेंगे। इसके लिए राज्य सरकार ने फिलपकार्ट कंपनी के साथ समझौता किया है। इससे महिलाओं की आमदनी में वृद्धि होगी, वहीं उनके उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय पहचान भी मिलेगी। उन्होंने कहा कि स्वयं सहायता समूहों को ट्रेनिंग देने के लिए घरौंडा में 3.5 करोड़ रुपये की लागत से ट्रेनिंग सेंटर खोला गया है। ऐसे सेंटर राज्य के अन्य हिस्सों में भी खोले जाएंगे।

उन्होंने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं, चाहे शिक्षा हो, खेल हो, समाज सेवा हो, राजनीति हो या ज्ञान विज्ञान हो, महिलाएं आज पीछे नहीं है। हरियाणा के विकास में भी महिलाओं की अहम भागीदारी है। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की जगह इस दिवस को महिला

सम्मान दिवस के रूप में मनाना चाहिए। राज्य सरकार ने पंचायतों व नगर निकायों में महिलाओं का 50 प्रतिशत प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया है। इसके अलावा, महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए भी सरकार विशेष कदम उठा रही है। पुलिस में महिलाओं की संख्या जो वर्ष 2014 में 6 प्रतिशत थी, वह आज 10 प्रतिशत हो गई है और आगामी समय में इस संख्या को 15 प्रतिशत ले जाने का लक्ष्य है। इतना ही नहीं, राशन डिपो आवंटन में भी महिलाओं को 33 प्रतिशत का आरक्षण दिया है। महिला विरूद्ध अपराधों की रोकथाम के लिए दुर्गा शक्ति एप, दुर्गा शक्ति वाहिनी व दुर्गा शक्ति रैपिड एक्शन फोर्स का गठन किया है। इसके अलावा, प्रदेश में 29 महिला थाने स्थापित किए हैं।

माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि हरियाणा को पहले कन्या भ्रूण हत्या के रूप में जाना जाता था। हरियाणा पर लगे इस कलंक को मिटाने के लिए माननीय प्रधानमंत्री जी ने 22 जनवरी 2015 को पानीपत में बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ अभियान की शुरुआत की। सरकार के साथ दृसाथ सामाजिक संस्थाओं, खाप पंचायतों, एनजीओ, शिक्षा विभाग व महिला बाल विकास



विभाग, स्वास्थ्य विभाग ने अथक प्रयास किए। पुलिस ने भी कन्या भ्रूण हत्या के दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की, जिसके चलते आज प्रदेश में लिंगानुपात में सुधार हुआ है। वर्ष 2014 में लिंगानुपात 1000 लड़कों पर 871 लड़कियों का था, जो आज बढ़कर 923 हो गया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने महिला शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया है। पिछले 8 सालों में हर 20 किलोमीटर पर एक कॉलेज स्थापित किया है, ताकि लड़कियों को शिक्षा के लिए दूर न जाना पड़े। हमने 72 कॉलेज स्थापित किए हैं, जिसमें से 31 कॉलेज केवल महिलाओं के ही हैं।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के समारोह में माननीय मुख्यमंत्री जी ने विभिन्न क्षेत्रों जैसे शिक्षा, संस्कृति, सेना, गायन, कला, चिकित्सा समाज कल्याण जागृति जागरण सशक्तिकरण, खेल, पर्वतारोहण, हवाई उडान तथा अन्य क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करके समाज और प्रदेश की प्रगति में अपनी अहम भूमिका निभाने वाली महिलाओं को विभिन्न अवार्ड देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने जिला फतेहाबाद, अंबाला और जीन्द जिला के उपायुक्तों को लिंगानुपात में किए गए सुधार हेतु प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय पुरस्कार स्वरूप क्रमशः 5 लाख रुपये, 3 लाख रुपये तथा 2 लाख रुपये की राशि से सम्मानित किया। इनके अलावा, जिला फरीदाबाद, नारनौल तथा अंबाला के उपायुक्तों को पोषण स्तर में सुधार हेतु प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय पुरस्कार स्वरूप 2 लाख रुपये, 1 लाख रुपये तथा 50 हजार रुपये की राशि से सम्मानित किया ।



# प्रदेश के पीएम–स्वनिधि योजना के लाभार्थियों से सीधा संवाद

(दिनांक 10.03.2023)



**प्रभाव:** माननीय मुख्यमंत्री जी आज वर्चुअल माध्यम से पीएम–स्वनिधि योजना के लाभार्थियों से सीधा संवाद किया। उन्होंने कहा कि कोविड महामारी के दौरान माननीय प्रधानमंत्री जी ने आत्मनिर्भर भारत का नारा दिया और पीएम–स्वनिधि योजना शुरू की।

इस योजना को आज देश में करोड़ों नए उद्यमियों ने अपनाया है, जिससे उनके जीवन में गुणात्मक सुधार आया है। लाभार्थियों ने माननीय मुख्यमंत्री जी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा शुरू की गई यह योजना उनके लिए किसी वरदान से कम नहीं है। कोविड महामारी के दौरान ही इस योजना की शुरुआत की गई थी। इस योजना के अंतर्गत उन्हें प्रथम किस्त के रूप में 10 हजार रुपये का ऋण दिया जाता है। दूसरी किस्त के रूप में 20 हजार रुपये तथा तीसरी किस्त में 50 हजार रुपये दिए जाते हैं। इस ऋण के लिए लाभार्थी को कोई गारंटी भी नहीं देनी पड़ती। हरियाणा सरकार ने भी हम जरूरतमंदों को रोजगार के लिए धनराशि उपलब्ध करवाकर कल्याणकारी काम किया है, जिससे हमें भी आज समाज में मुख्यधारा से जुड़ने का अनुभव हुआ है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में पीएम–स्वनिधि योजना के तहत लगभग 55 हजार

# साप्ताहिक सूचना पत्र



लोगों ने आवेदन किया था। इनमें से लगभग 36 हजार स्ट्रीट वेंडर्स को ऋण मिल चुका है। अभी तक कुल मिलाकर 48 करोड़ रुपये का ऋण दिया जा चुका है। इस ऋण पर 7 प्रतिशत ब्याज केंद्र सरकार तथा 2 प्रतिशत ब्याज राज्य सरकार की ओर से दिया जाता है। अब तक 1 करोड़ रुपये से अधिक की राशि ब्याज के रूप में बैंकों को अदा की गई है। प्रदेश में स्ट्रीट वेंडर्स की संख्या 1 लाख से ऊपर है, इसलिए वर्तमान में जिन लाभार्थियों ने इस योजना का लाभ उठाया है, वे अपने आस–पास अन्य लोगों को भी इस योजना का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित करें।

माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि हरियाणा सरकार भी गरीब परिवारों के कल्याण एवं उत्थान के लिए कई योजनाएं चला रही है।

परिवार पहचान पत्र के माध्यम से प्रदेश के 72 लाख परिवारों के सदस्यों का डाटा एकत्र किया गया है। जिन परिवारों की आय 1 लाख 80 हजार रुपये वार्षिक से कम हैं, उनके उत्थान पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसके लिए मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना चलाई है, जिसके तहत 1 लाख रुपये से कम आय वाले परिवारों के आर्थिक उत्थान का लक्ष्य है। पीपीपी डाटा के अनुसार ऐसे लगभग 7.5 लाख परिवार हैं। अभी तक लगभग 1.5 लाख ऐसे परिवारों को बुलाया जा चुका है और 37,000 परिवारों को स्व–रोजगार के लिए बैंकों के माध्यम से ऋण प्रदान किया गया है। लगभग 42,000 परिवार और चयनित कर लिए गए हैं, इन्हें भी भविष्य में ऋण प्रदान किया जाएगा। अगले साल 2 लाख परिवारों की आय बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया है।

# नव चयनित एचसीएस अधिकारियों से मुलाकात

(दिनांक 11.03.2023)

**प्रभाव:** माननीय मुख्यमंत्री जी ने नव चयनित एचसीएस अधिकारियों से परिचय करते हुए कहा कि आईएएस तथा एचसीएस अधिकारी सरकार की नीति–निर्माण के अहम हिस्सा होते हैं,ऐसे में उनको राज्य सरकार की प्राथमिकताओं को ध्यान में रख कर कार्य करना चाहिए। माननीय मुख्यमंत्री जी ने नव चयनित एचसीएस अधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी और उनके सम्मुख आने वाली चुनौतियों से अवगत करवाते हुए कहा कि जिस प्रकार से उनका चयन पूरी पारदर्शिता से हुआ है, ठीक वैसे ही वे ईमानदारी से अपने कार्य को केवल नौकरी समझने की बजाए सेवाभाव से करें। राज्य सरकार अंत्योदय की भावना से काम कर रही है ताकि अंतिम पायदान के व्यक्ति को शिक्षा, स्वास्थ्य एवं रोजगार सहजता से उपलब्ध हो सके। उन्होंने कहा कि हरियाणा प्रत्येक क्षेत्र में प्रगति कर रहा है, इसमें अधिकारियों की भी अहम भूमिका है।



# ऑल इंडिया कश्यप राजपूत सभा द्वारा आयोजित 48वें वार्षिक मेले मे शिरकत

(दिनांक 12.03.2023)

**प्रभाव:** माननीय मुख्यमंत्री जी ने शनिवार को कश्यप राजपूत पंजाबी वैल्फेयर सोसायटी व ऑल इंडिया कश्यप राजपूत सभा द्वारा देवीनगर अम्बाला शहर में आयोजित 48वें वार्षिक मेले मे बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस अवसर पर उन्होंने परिसर में यात्री निवास का शिलान्यास भी किया।

आप सब मेरे भाई हो, मेरे वीर हो। जब देश का विभाजन हुआ, उस समय कोई सरगोदा, कोई मुल्तान व अन्य जगहों से अपना घर–बार छोडकर तीन कपड़ों में यहां आए थे, हमारे पूर्वजों ने मेहनत मजदूरी की लेकिन किसी के सामने हाथ नहीं फैलाया। मैं आज इस कश्यप समाज को एक नया नाम दे रहा हूं, अब यह समाज पुरूषार्थी



समाज कहलाएगा। छोटा–मोटा कार्य करके अपने आप को विकसित किया। आज यह समाज हर क्षेत्र में आगे आ रहा है। समाज के लिए बहुत योजनाएं क्रियान्वित की हैं, जिनके राशन कार्ड नहीं थे, उनके राशन कार्ड बनाए गये हैं। लगभग 12 लाख नये राशन कार्ड बनाए गये हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने जरूरतमंद लोगों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए उनके आयुष्मान कार्ड बनवाने की योजना बनाई है। इसी कड़ी में हरियाणा में प्रधानमंत्री जन आरोग्य आयुष्मान भारत योजना के तहत 29 लाख लोगों के आयुष्मान व चिरायु कार्ड बनाए गये हैं।

उन्होंने कहा कि पिछले दिनों महर्षि कश्यप जयंती का आयोजन राज्य स्तर पर किया गया था। वहां पर पांच धर्मशालाओं के लिए 55 लाख रुपये की राशि उपलब्ध करवाने की घोषणा की गई है। महर्षि कश्यप जी की जयंती को सरकार ने वैकल्पिक अवकाश घोषित किया है।

सरकार महापुरुषों की जयंती को राज्य स्तर पर मना रही है ताकि उनके संदेश और वाणी को जन–जन तक पहुंचाया जा सके। इस अवसर पर संस्था के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित भी किया।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## जन सवाद कार्यक्रम,हिसार

(दिनांक 12.03.2023)

**प्रभाव:** माननीय मुख्यमंत्री जी ने आज गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय जम्भेशवर विश्विद्यालय मे आयोजित जन संवाद कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि लोगों को समस्याओं के समाधान को लेकर चंडीगढ़ तक न आना पड़े, इसके लिए सरकार ने सीएम विंडो स्थापित की है, जिसके तहत अब तक करीब साढे 10 लाख शिकायतों का निवारण किया जा चुका है। लोगों से रुबरु होकर समस्याओं के समाधान के लिए हर जिला स्तर पर जन संवाद कार्यक्रम शुरु किए गए हैं।

उन्होने कहा कि जन संवाद कार्यक्रमों में आने वाली शिकायतें चंडीगढ़ मुख्यालय पर जन संवाद पोर्टल पर दर्ज होंगी और राज्य स्तर पर मॉनिटरिंग की जाएगी। प्रदेश में अब तक 4 जन संवाद कार्यक्रम आयोजित कर लोगों की शिकायतों का समाधान किया जा चुका है। हिसार में यह 5वां कार्यक्रम है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए वचनबद्ध है।

कार्यक्रम में कुल 428 समस्याएँ रखी गई, जो सिंचाई विभाग, विकास एवं पंचायत, पुलिस, स्वास्थ्य, शहरी स्थानीय निकाय, जन स्वास्थ्य, बिजली निगम और परिवार पहचान पत्र आदि से संबंधित रही। मुख्यमंत्री जी ने शिकायतकर्ताओं की शिकायतों को सुना और उनके समाधान के लिए मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिए।

जन संवाद कार्यक्रम में पहुंचने से पहले मुख्यमंत्री ने महाराजा अग्रसेन हवाई अडडे का हवाई सर्वे भी किया। साथ ही मुख्यमंत्री जी ने शहर मे लेफ्टिनेंट कर्नल सुन्दर सिंह मार्ग का भी उद्घाटन किया।